# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (03.01.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:03.01.2025, PAGE-06**

# स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 9 से, आज से मिलेगा एडमिट कार्ड

**बीआरएबीयू**

- एक लाख 56 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल
- 55 केंद्रों पर होगी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि में स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-28 की परीक्षा 9 जनवरी से होगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबा लाल पासवान ने गुरुवार को परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि परीक्षा के लिए 55 केंद्र बनाए गए हैं, जहां एक लाख 56 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा नियंत्रक ने सेमेस्टर 1 की परीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्देश दिया है कि सत्र 2024-28 में नामांकित जिन विद्यार्थियों की अपार आईडी नहीं बनी है, उनका परीक्षा फार्म भरने से पहले कॉलेज के प्राचार्य विद्यार्थी के माता-पिता और आधार नंबर कॉलेज में दर्ज करेंगे। माता-पिता और आधार आईडी दर्ज करने के बाद ही इन विद्यार्थियों का एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा। सेमेस्टर वन का एडमिट कार्ड शुक्रवार से कॉलेजों में मिलने लगेगा। मेजर विषयों की परीक्षा 11 जनवरी तक होगी। इसके लिए छह ग्रुप बनाए गए हैं। माइनर विषयों की परीक्षा 13 जनवरी से 16 जनवरी तक होगी। एमडीसी विषयों की परीक्षा 17 से 20 जनवरी तक होगी। एमआईएल की परीक्षा 21 और 22 जनवरी को होगी। वैल्यू एडेड कोर्स की परीक्षा 23 और 24 जनवरी को होगी। स्किल एनहांसमेंट कोर्स की परीक्षा 25 से 27 जनवरी तक होगी।

## बीआरएबीयू: छुट्टी में बनी 400 छात्रों की डिग्रियां

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के डिग्री सेक्शन में बड़े दिन की छुट्टी में 400 डिग्रियां बनी हैं। छुट्टी के दौरान परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान, डिप्टी कंट्रोलर डॉ. रेणुबाला और डिग्री सेक्शन के कर्मियों ने लगातार काम करके छात्रों की डिग्रियां तैयार की हैं। 400 डिग्रियों पर अधिकारियों के साइन भी हो गये हैं। कर्मियों ने बताया कि 600 डिग्रियां छपने के लिए गई हैं।

## पीजी के सभी हॉस्टलों के अधीक्षक होंगे ललन झा

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के पीजी फिजिक्स विभाग के अध्यक्ष प्रो. ललन कुमार झा पीजी के सभी हॉस्टलों के अधीक्षक होंगे। प्रो. झा अभी पीजी टू और थ्री के अधीक्षक थे। अब उन्हें पीजी वन हॉस्टल का भी अधीक्षक बना दिया गया है। पीजी वन हॉस्टल के अधीक्षक अबतक डॉ. पंकज कुमार थे। डॉ. पंकज मोतिहारी महिला कॉलेज के प्राचार्य बना दिये गये हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 03.01.2025, PAGE-06**

# पीजी में दाखिले को आज पोर्टल खुलने की उम्मीद

- 20 जनवरी तक कर सकेंगे आवेदन
- आवेदन के बाद जारी होगी मेरिट लिस्ट

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में पीजी सत्र 2024-26 में दाखिले के लिए शुक्रवार से पोर्टल खुल सकता है। पोर्टल खोलने के आदेश के लिए कुलपति के पास फाइल भेजी गई है। पोर्टल 20 जनवरी तक खुला रहेगा।

पीजी में नौ हजार सीटों के लिए छात्र आवेदन करेंगे। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि पोर्टल पर आवेदन आने के बाद छात्रों की मेरिट निकाली जायेगी। मेरिट के आधार पर छात्रों का नामांकन होगा। आवेदन करने के बाद छात्रों की काउंसिलिंग भी की जायेगी। काउंसिलिंग में उन्हें बताया जायेगा कि वह कौन-सा कॉलेज चुनें, जिससे उन्हें क्लास करने में सहूलियत हो। छात्रों को उनके जिले के ही कॉलेज में दाखिला लेने को कहा जायेगा। छात्रों को तीन कॉलेज चुनने का विकल्प दिया जायेगा। बिहार विवि दो बार पीजी में दाखिला लेने पर विचार कर रहा है। सत्र को नियमित करने के लिए दो बार छात्रों का दाखिला होगा। पीजी सत्र 2024-26 के अलावा सत्र 2025-27 के लिए भी इस वर्ष दाखिला होगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN,**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:03.01.2025**
**PAGE-06**

## पीजी ब्वायज हास्टल के इंचार्ज बने डा. ललन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : विश्वविद्यालय के पीजी ब्वायज हास्टल के इंचार्ज भौतिकी विभागाध्यक्ष डा. ललन झा को बनाया गया है। निवर्तमान इंचार्ज डा. पंकज कुमार को पिछले महीने प्राचार्य बनाया गया। इसके बाद उन्होंने विश्वविद्यालय से पीजी इंचार्ज के पद से मुक्त करने का अनुरोध किया था। डीएसडब्ल्यू प्रो.आलोक प्रताप सिंह ने डा. ललन झा को छात्रावास इंचार्ज बनाने की अधिसूचना जारी की है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:03.01.2025, PAGE-06**

# स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा नौ से

## बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने दी सूचना, 27 तक होगी परीक्षा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय (बीआरएबीयू)में स्नातक सत्र 2024-28 के प्रथम सेमेस्टर में नामांकित छात्र-छात्राओं की परीक्षा नौ जनवरी से शुरू होगी। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने गुरुवार को परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके लिए पांच जिलों में 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 1.56 लाख छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इस बार सर्वाधिक विद्यार्थी परीक्षा देंगे। विभाग की मानें तो परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ भी सकती है। दो पालियों में 27 जनवरी तक परीक्षा होगी।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि शुक्रवार को सभी कालेजों को एडमिट कार्ड भेजा जाएगा। प्राचार्य को आदेश दिया गया है कि प्रवेश पत्र डाउनलोड कर हस्ताक्षर व मुहर के बाद परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराएं। बता दें कि अक्टूबर में ही प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा प्रस्तावित थी, लेकिन यह करीब तीन महीने विलंब से शुरू हो रही है। बताया गया है कि परीक्षा समाप्ति के साथ ही कापियों की जांच शुरू कराने की योजना है।

**56** केंद्रों पर परीक्षा, 1.56 लाख छात्र-छात्राएं होंगे शामिल

**27** तक होंगे पेपर, छह ग्रुप में हुआ विषयों का विभाजन



### अपार आइडी वाले छात्रों को ही मिलेगा एडमिट कार्ड

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने स्पष्ट आदेश दिया कि अपार आइडी वाले छात्रों को ही प्रवेश पत्र मिलेगा। परीक्षा विभाग ने इस संबंध में कालेज के प्राचार्य को पत्र भेजा है। सत्र 2024-28 में नामांकित प्रथम सेमेस्टर के सभी छात्र-छात्राओं को प्रवेश पत्र शुक्रवार तक भेज दिया जाएगा। कालेजों को कहा गया कि उसी छात्र-छात्रा को एडमिट कार्ड दिया जाए जिनकी अपार आइडी बन गई है। अपार आइडी नहीं होने की स्थिति में संबंधित छात्र का आधार नंबर, माता-पिता का नाम दर्ज करने के बाद ही एडमिट कार्ड दिया जाएगा।

### 9 से 11 जनवरी तक एमजेसी की परीक्षा

मुजफ्फरपुर : परीक्षा विभाग की ओर से जारी प्रोग्राम के अनुसार नौ से 11 जनवरी के बीच एमजेसी की परीक्षा है। 12 से 16 जनवरी तक एमआइसी, 17 से 20 तक एमडीसी, 21-22 को एमआइएल, 23-24 को वैल्यू एडेड कोर्स, 25 से 27 तक स्किल इन्हांसमेंट कोर्स के पेपर होंगे। परीक्षा के विषयों को छह ग्रुपों में बांटा गया है। पहली पाली में ग्रुप ए, सी व ई की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक ली जाएगी। वहीं दूसरी पाली में दोपहर एक से चार बजे तक ग्रुप बी, डी व एफ के परीक्षार्थी शामिल होंगे।

## पीजी सत्र 2024-26 के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से पीजी सत्र 2024-26 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को आवेदन के लिए पोर्टल खुलेगा। 20 जनवरी तक अभ्यर्थी इसके लिए आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय की योजना है कि जनवरी में एडमिशन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। फरवरी से कक्षा प्रारंभ होगी। पीजी विभाग के साथ ही कालेजों में 11 हजार से अधिक सीटों पर एडमिशन होगा। अब तक स्नातक के अंक के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार कर एडमिशन का प्रस्ताव है। इसको लेकर जल्द ही सभी डीन की बैठक बुलाकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। विश्वविद्यालय ने स्नातक सत्र 2021-24 के थर्ड ईयर का रिजल्ट पिछले महीने जारी किया है।

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 03.01.2025, PAGE-04

# 9 से स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- 56 केंद्रों पर परीक्षा, 1.56 लाख छात्र-छात्राएं होंगे शामिल
- 27 तक होंगे पेपर, छह ग्रुप मे हुआ है विषयों का विभाजन

बीआरएबीयू ने स्नातक सत्र 2024-28 के प्रथम सेमेस्टर में नामांकित छात्र-छात्राओं की परीक्षा नौ जनवरी से शुरू होगी. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने गुरुवार को परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया. पांच जिलों में 56 परीक्षा केंद्र बने हैं. इसपर 1.56 लाख छात्र-छात्राएं शामिल होंगे. इसबार सर्वाधिक विद्यार्थी परीक्षा देंगे. ऐसे में जरूरत पड़ी तो परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ भी सकती है. दो पालियों में 27 जनवरी तक पेपर कराये जायेंगे.परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि शुक्रवार को सभी कॉलेजों को एडमिट कार्ड भेज देंगे.कॉलेज इसे डाउनलोड कर हस्ताक्षर व मुहर लगाकर परीक्षार्थियों को दे देंगे. बता दें कि पिछले वर्ष अक्टूबर में ही प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा प्रस्तावित थी, लेकिन यह परीक्षा करीब तीन महीने विलंब से शुरू हो रही है. बताया गया है कि परीक्षा समाप्ति के साथ ही कॉपियों की जांच शुरू कर दी जायेगी. जिन विषयों में परीक्षार्थियों की संख्या कम होगी, उनकी कॉपियां पहले जांच ली जायेंगी.

### 9 से 11 जनवरी तक एमजेसी की परीक्षा

जारी कार्यक्रम के अनुसार 9 से 11 जनवरी के बीच एमजेसी की परीक्षा होगी. 12 से 16 जनवरी तक एमआइसी, 17 से 20 तक एमडीसी, 21-22 को एमआइएल, 23-24 को वैल्यू एडेड कोर्स, 25 से 27 तक स्किल इन्हांसमेंट कोर्स के पेपर होंगे .परीक्षा को लेकर विषयों को छह ग्रुपों में बांटा है . पहली पाली में ग्रुप ए, सी व इ की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक ली जायेगी .वहीं दूसरी पाली में दोपहर एक से चार बजे तक ग्रुप बी, डी व एफ के परीक्षार्थी शामिल होंगे .

**अपार आइडी वाले स्टूडेंट्स को ही एडमिट कार्ड** : परीक्षा विभाग की ओर से सभी कॉलेजों के प्राचार्य को पत्र भेजा गया है. कहा गया है कि सत्र 2024-28 में नामांकित प्रथम सेमेस्टर के सभी छात्र-छात्राओं का एडमिट कार्ड शुक्रवार तक मिल जायेगा. कॉलेजों को कहा है कि उसी छात्र-छात्रा को एडमिट कार्ड दिया जाए जिनकी अपार आइडी बन चुकी हो.अपार आइडी नहीं होने की स्थिति में संबंधित छात्र का आधार नंबर, माता-पिता का नाम दर्ज करने के बाद ही एडमिट कार्ड देना है.

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR DATE : 03.01.2025, PAGE-04

# लॉ कॉलेजों में प्रबंधन कोटा से 20 प्रतिशत सीटों पर दाखिला

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के निजी लॉ कॉलेजों में 20 प्रतिशत सीटों पर प्रबंधन कोटा से नामांकन लेंगे. परीक्षा बोर्ड की ओर से इसपर निर्णय लिया गया है. विवि ने इसको लेकर संबंधित कॉलेजों को पत्र भेजा है. बता दें कि गुरुवार से एक सरकारी समेत कुल 10 कॉलेजों में एलएलबी व प्री लॉ कोर्स में दाखिला शुरू हो गया. पहले दिन इक्का-दुक्का ही छात्र नामांकन के लिए पहुंचे. 10 जनवरी तक इन कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी है. इसके बाद दूसरी लिस्ट जारी करने पर विचार हो सकता है.

# डॉ ललन झा बने पीजी छात्रावास के अध्यक्ष

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के पीजी भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो ललन झा को पीजी छात्रावासों का अध्यक्ष बनाया गया है. प्रो झा वर्तमान में पीजी टू व थ्री के अधीक्षक पद पर थे. अब उन्हें पीजी-1 छात्रावास का भी अधीक्षक बनाया है.

# पीजी में दाखिले को आज से ऑनलाइन आवेदन

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू से पीजी सत्र 2024-26 के नामांकन को लेकर शुक्रवार से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है. इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. कुलपति का आदेश मिलने के बाद पोर्टल खुलेगा. 20 जनवरी तक का समय ऑनलाइन आवेदन के लिए मिलेगा. अभ्यर्थी तीन कॉलेजों का विकल्प दे सकेंगे. करीब 11 हजार सीटों पर दाखिले के लिए पोर्टल खोला जाना है. जनवरी में ही नामांकन की प्रक्रिया पूरी करने की योजना है.